राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *188

13 मई, 2015 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र के विस्तार की योजना

*188. श्री हरिवंश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के बोकारो स्थित इस्पात संयंत्र के विस्तार की क्या योजना है;

(ख) क्या सरकार की कोई समयबद्ध योजना तथा कार्यक्रम है; और

(ग) यदि हां, तो बोकारो इस्पात संयंत्र का विस्तार कब तक कर दिया जायेगा?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

“बोकारो इस्पात संयंत्र के विस्तार की योजना” के बारे में श्री हरिवंश, संसद सदस्यो द्वारा राज्यसभा में दिनांक 13 मई, 2015 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्नक सं.*188 के भाग (क) से (ग) के उत्त5र में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) : स्टीमल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की आधुनिकीकरण और विस्ताीर योजना के वर्तमान चरण के तहत बोकारो इस्पाअत संयंत्र की क्रूड इस्पा5त की उत्पालदन क्षमता को 4.36 मिलियन टन वार्षिक से बढ़ाकर 4.61 मिलियन टन वार्षिक करने के लिए 6325 करोड़ रुपए के निवेश से चल रही विस्ता र योजना को पूरा कर लिया गया है।

सरकार स्टी ल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के लिए दीर्घकालीन योजना नहीं बनाती है। सेल और अन्यफ स्टीसल पीएसयू वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर अपने-अपने विस्ताहर और आधुनिकीकरण कार्यक्रमों का क्रियान्व्यन करते हैं। सेल ने “विजन 2025” का एक प्रारूप तैयार किया है, जिसमें बोकारो इस्पाकत संयंत्र भी सम्मिलित है।

*****